# माँ मंगलाकरनी साथ है, फिर डरने की क्या बात है

माँ मंगलाकरनी साथ है, फिर डरने की क्या बात है
बच्चों की माँ चिन्ता हरती, हरती हाथों हाथ है
माँ मंगलाकरनी साथ है, फिर डरने की क्या बात है.....

बड़े ही किस्मत वाले भक्तों माँ की शरण में आते है-2
माँ का दर्शन करके वो दुखों से मुक्ति पाते है-2
रहमत वाले मोती मैया बांट रही दिन रात है
माँ मंगलाकरनी साथ है, फिर डरने की क्या बात है.....

बाल भी बांका होता ना उनका जपते माँ का नाम जो-2
हर पल मैया अंग संग रहती करते माँ का ध्यान जो-2
जो भी मन से सुनता माँ को सुनती उनकी बात है
माँ मंगलाकरनी साथ है, फिर डरने की क्या बात है.....

गुफा में बैठके पूरी करती भक्तों के सवालों को-2
बिन मांगे ही सब कुछ देती दर पे आने वालों को-2
खुशियों वाली माँ के दर पे होती जब बरसात है
माँ मंगलाकरनी साथ है, फिर डरने की क्या बात है....

बांह पकड़ के बच्चों की माँ लेती आप संभाल माँ-2
कैसा भी हो संकट नीले पल में देती टाल माँ-2
सुखी रहे माँ सबका जीवन यह मैया की सौगात है
माँ मंगलाकरनी साथ है, फिर डरने की क्या बात है.....

माँ मंगलाकरनी साथ है, फिर डरने की क्या बात है
बच्चों की माँ चिन्ता हरती, हरती हाथों हाथ है

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/34739/title/mangalkarni-sath-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |